# just one app

# कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व रिपोर्ट 2022–23

# Corporate Social Responsibility Report 2022-23





# वार्षिक सीएसआर रिपोर्ट 2022–23 के लिए एमडी एवं सीईओ का संदेश

# MD & CEO Message for Annual CSR Report 2022-23

**प्रिय शेयरधारकों,**

वित्त वर्ष 2022–23 के लिए पीएनबी की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) रिपोर्ट आपके साथ साझा करते हुए मुझे अपार संतोष हो रहा है। देश के अग्रणी सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक, पंजाब नैशनल बैंक (पीएनबी) में हम **''समाज को वापस देना''** के आदर्श सिद्धांत पर चलते हैं और उन समुदायों के समावेशी और सतत विकास के लिए उनकी सहायता करने के लिए प्रतिबद्ध हैं जिनके बीच हम कार्य करते हैं।

पीएनबी परिवर्तन के लिए एक उत्प्रेरक बनने की आकांक्षा रखता है जिससे वर्तमान और भावी पीढ़ियां लाभान्वित हों। वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और सामाजिक कल्याण की स्थिरता और वृद्धि पीएनबी की सीएसआर गतिविधियों का एक अभिन्न हिस्सा रही हैं। इस प्रकार, हम अपने सभी हितधारकों, समाज और पर्यावरण के प्रति उत्तरदायी बनने में विश्वास रखते हैं। सार्वजनिक क्षेत्र के सबसे बड़े बैंकों में से एक होने के नाते, पीएनबी समाज में लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए स्थानीय और राष्ट्रीय प्रयासों का समर्थन करने में अपनी भूमिका को पूरी तरह से समझता है।

बैंक की सीएसआर नीति में सीएसआर के कई पहलु शामिल हैं जैसे कि साक्षरता का प्रसार, धर्मार्थ ट्रस्टों को वित्तीय सहायता प्रदान करना, स्वास्थ्य और स्वच्छता को बढ़ावा देना, समाज के वंचित वर्गों को सहयोग प्रदान करना और विभिन्न अस्पतालों और स्कूलों को सहायता प्रदान करना आदि।

पिछले वर्ष में, पीएनबी ने स्वास्थ्य सेवा सहायता प्रदान कर, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रणाली विकसित करने की दिशा में कमियों को पूरा करने तथा समुदायों में विश्वास बनाने के लिए सामाजिक कल्याण पर आधारित गतिविधियों का आयोजन कर लोगों के जीवन को सकारात्मक रूप से प्रभावित किया है। हम सीएसआर को समुदायों की समृद्धि के लिए वित्तीय सहयोग करते हुए हमारी व्यापार रणनीति का एक अभिन्न अंग मानते हैं।

### भावी नेतृत्व का समर्थन

गत वर्ष बैंक ने भावी पीढ़ी को विकसित करने हेतु गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए अनुकूल वातावरण बनाने हेतु विभिन्न आवश्यकताओं का गहनता से मूल्यांकन किया और प्रभावी कदम उठाए।

पीएनबी ने विभिन्न राज्यों जैसे राजस्थान, गुजरात, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना, यूपी और दिल्ली के ग्रामीण और अल्प सेवा वाले क्षेत्रों में स्थित शैक्षणिक संस्थानों की स्थिति में सुधार के लिए सहयोग दिया है।

### स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देना

बैंक को गर्व है कि वह देश भर में स्वास्थ्य सेवाओं के तंत्र को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। वंचित और सीमांत हितधारकों

**Dear Shareholders,**

It gives me immense satisfaction to share with you the Corporate Social Responsibility (CSR) report of PNB for FY 2022-23. Guided by the principle motto of "**Giving back to the society**", we at Punjab National Bank (PNB), the nation's leading public sector bank, are committed to drive inclusive and sustainable growth by supporting the communities within which we operate.

PNB aspires to be a catalyst for change that benefits present and future generations. Sustainability and growth of healthcare, education and social welfare were an integral part of PNB's CSR activities in FY 2022-23. Thus, we believe in being responsible to all our stakeholders, society and the environment. Being one of the largest public sector bank, PNB fully recognizes its role for supporting local and national efforts in order to make lives of the people in the society better.

Bank's CSR Policy covers a host of aspects under CSR such as spreading literacy, providing financial support to charitable trusts, promoting health & hygiene, supporting marginalized sections of the society and aiding various hospitals and schools, among others.

Over the past year, PNB has positively impacted lives by providing healthcare support, filling gaps towards developing quality education systems and conducting social welfare activities to build trust within the communities. We treat CSR not as a mandate but as an integral part of the business strategy by eventually sharing wealth for the prosperity of our communities.

### Supporting Leaders of Tomorrow

The Bank closely evaluated various requirements and took nimble steps in the past year to create conducive environment related to quality education that nurtures the future generation.

PNB has extended support for improving the conditions of the educational institutes situated in the rural and under-served areas of Rajasthan, Gujarat, Uttarakhand, West Bengal, Telangana, UP and Delhi.

### Boosting health and well-being

The Bank takes pride in being instrumental towards strengthening the healthcare ecosystem across the length and breadth of the

के लिए विशेष रूप से बनाई गई स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच को व्यापक बनाने के लिए सरकार के नवाचारों में हम सक्रिय सहभागिता कर रहे हैं। इसी क्रम में, बैंक ने अमृतसर, जालंधर, तिरुवनंतपुरम और नोएडा में एम्बुलेंस सुविधाएं और रोगी देखभाल सहायता प्रदान की है। इसी तरह, बारामती नगर परिषद (बीएमसी), महाराष्ट्र के साथ मिलकर जन जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया।

स्वास्थ्य देखभाल उपायों में वृद्धि करते हुए, बैंक ने विकलांग व्यक्तियों और ग्राणीम आबादी महिलाओं को सशक्त बनाकर वंचित समुदाय के कल्याण के लिए सुदृढ़ सहयोग प्रदान किया।

पीएनबी ने वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान सेना छावनी, अहमदाबाद में मेडिकल कंटेनर डिस्पेंसरी स्थापित करने जैसे स्वास्थ्य संबंधी बुनियादी अवसरंचना में सहयोग प्रदान कर रक्षा समुदाय के कल्याण की दिशा में भी कदम बढ़ाए हैं।

**कल्याणकारी योजनाएँ**

बैंक, पीएनबी विकास–ग्राम गोद लेने की योजना और 76 आरसेटी (ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान) तथा 12 किसान प्रशिक्षण केंद्र के माध्यम से सामाजिक–आर्थिक सशक्तिकरण जैसी कई कल्याणकारी योजनाएं चला रहा है। वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान आरसेटी केंद्रों में कुल 51618 व्यक्तियों को प्रशिक्षित किया गया, जिनमें से 36911 गरीबी रेखा से नीचे के (बीपीएल) परिवारों से हैं और 40810 महिलाएं शामिल हैं।

हमारे राष्ट्रीय खेल हॉकी को बढ़ावा देना भी बैंक का एक मुख्य केंद्र बिंदु रहा है। मुझे यह बताते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि गत वर्ष के दौरान, हमारी हॉकी टीम के चार वरिष्ठ सदस्यों ने हॉकी विश्व कप 2023, एफआईएच प्रो लीग और राष्ट्रमंडल खेलों आदि जैसे टूर्नामेंटों में हमारे देश का प्रतिनिधित्व किया।

**कॉर्पोरेट स्वयंसेवा**

सीएसआर के संबंध में पीएनबी अपने कर्मचारियों को यह संदेश देता है कि आज हम जो कुछ भी करेंगे, उसका प्रभाव आने वाली पीढ़ियों पर पड़ेगा। हम स्टाफ सदस्यों और स्थानीय लोगों की सक्रिय भागीदारी के साथ सीएसआर गतिविधियां कर रहे हैं। इसके अलावा, हमारे प्रयासों को बढ़ावा देने के लिए, बैंक की वरिष्ठ महिला अधिकारियों और वरिष्ठ बैंक अधिकारियों की पत्नियों का एक संघ– **''पीएनबी प्रेरणा''** इन सीएसआर गतिविधियों को आगे बढ़ाने में स्वेच्छा से शामिल है।

बैंक कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर), को अपने हितधारकों के हितों को ध्यान में रखने के साथ–साथ आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरण की दृष्टि से स्थायी तरीके से परिचालित करने की प्रतिबद्धता मानता है। इस रणनीति के केंद्र में, जीवंत समुदायों के निर्माण और उन्हें बनाए रखने के प्रति हमारे बैंक की अटूट प्रतिबद्धता निहित है। सामुदायिक विकास में निरंतर सहयोग देने और बढ़ावा देने के लिए संस्थानों और कार्यक्रमों में हमारे निवेश के माध्यम से, सीएसआर के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को व्यापक पहचान मिली हैं और इसे सराहा गया है।

बैंक जिम्मेदारी के साथ विकास करने, गहरे संबंध बनाने और अपने सभी हितधारकों के साथ सार्थक रूप से जुड़ने में विश्वास करता है। आने वाले समय में, हम एक बेहतर समाज के निर्माण के उद्देश्य से कार्यक्रमों में सक्रिय भागीदारी के माध्यम से समुदाय की सहायता करना जारी रखेंगे। हम संवेदनशील और जिम्मेदार तरीके से कारोबार करना भी जारी रखेंगे। अंत में, मैं उन सभी का हार्दिक आभार व्यक्त करना चाहता हूं जिन्होंने वित्तीय वर्ष 2022–23 के दौरान कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।

**अतुल कुमार गोयल**
प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी

country. We have been keen participants in government initiatives to widen the reach of healthcare services specially designed for underprivileged and marginalized stakeholders. In line with this, the bank has provided ambulance facilities & patient care support in Amritsar, Jalandhar, Thiruvananthapuram & Noida. Similarly, public awareness programme was carried out in collaboration with Baramati Municipal Council (BMC), Maharashtra.

Adding to the healthcare measures, the bank also extended a strong backing to the welfare of the marginalized society by empowering persons with disability and women of the rural population.

PNB also took steps for the welfare of the defence community by providing healthcare infrastructure support like setting up Medical Container Dispensary in Army Cantonment at Ahmedabad during the FY 2022-23.

**Welfare schemes**

PNB is running several welfare schemes such as PNB VIKAS-Village Adoption Scheme, socio-economic empowerment through setting up 76 RSETIs (Rural Self Employment Training Institutes) & 12 Farmers' Training Centers. During the FY 2022-23, a total of 51618 persons were trained in RSETI centers out of which 36911 belong to BPL families and 40810 were women.

**Promoting our National Game Hockey** has also been one of the focus area of the Bank. It gives me pleasure to inform that during the last year, four of our senior hockey team members represented our country in tournaments like Hockey World Cup 2023, FIH Pro League & Commonwealth games etc.

**Corporate Volunteering**

The message that PNB percolates to its staff regarding CSR is that whatever we do today, will have an impact on future generations. We have been undertaking CSR activities with active participation of staff members and the local populace. Further, to augment our efforts, an association comprising of senior women officials and the wives of senior bank officials – "***PNB PRERNA***", has been voluntarily involved in carrying forward these CSR activities of the Bank.

The Bank considers Corporate Social Responsibility (CSR) as a commitment to operate in an economically, socially and environmentally sustainable manner, while simultaneously recognizing the interests of its stakeholders. At the heart of this strategy, lies our bank's unwavering commitment for creating and sustaining vibrant communities. Through our investment in institutions and programs to support and enhance community development in a sustainable manner, our commitment to CSR is amply recognized and lauded.

The Bank believes in growing responsibly, forging deeper relationships and engaging meaningfully with all our stakeholders. Going forward, we will continue to support the society through active participation in programmes aimed at creating a better society. We will also continue to conduct business in a sensitive and responsible manner. In the end, I want to express my sincere thanks to all those who contributed towards making Corporate Social Responsibility, a success during the financial year 2022-23.

**Atul Kumar Goel**
Managing Director & CEO

## कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व रिपोर्ट 2022–23

## पीएनबी सीएसआर रिपोर्ट 2022–23

## पंजाब नैशनल बैंक का कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व दृष्टिकोण

1. पंजाब नैशनल बैंक कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) को अपने हितधारकों जैसे निवेशकों, ग्राहकों, कर्मचारियों, कारोबार भागीदारों, स्थानीय समुदायों, पर्यावरण और समाज के हितों को बड़े पैमाने पर पहचानते हुए और सामाजिक जीवन की गुणवत्ता में योगदान करते हुए आर्थिक, सामाजिक और पर्यावरणीय रूप से स्थायी तरीके से संचालित करने की प्रतिबद्धता के रूप में देखता है। यह रणनीति जीवंतशील समुदायों के निर्माण के प्रति हमारे बैंक की अटूट प्रतिबद्धता पर केन्द्रित है। यह प्रतिबद्धता एक स्थायी तौर पर सामुदायिक विकास में सहयोग करने और बढ़ावा देने के लिए संस्थानों और कार्यक्रमों में हमारे निवेश के माध्यम से जीवंत होती है। वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान, बैंक की सीएसआर गतिविधियां अपने क्षेत्रीय कार्यालयों के माध्यम से अखिल भारतीय स्तर पर आम नागरिक के लिए स्वास्थ्य, शिक्षा, कौशल सशक्तिकरण कार्यक्रमों और समाज कल्याण गतिविधियों में सुधार करने पर केन्द्रित रही।

**2. बैंक अपनी सीएसआर रणनीति के तहत निम्नलिखित प्रतिबद्धताएं करता है:**

### 2.1 स्थिरता

पीएनबी परिवर्तन के लिए एक उत्प्रेरक बनने का इरादा रखता है जो वर्तमान और भावी पीढ़ियों को लाभान्वित करेगा हमारे मुख्य और अन्य कारोबार में स्थिरता पीएनबी की गतिविधियों का एक अभिन्न अंग है। इस प्रकार, हम अपने सभी हितधारकों, समाज और पर्यावरण के प्रति उत्तरदायी होने में विश्वास करते हैं।

## Corporate Social Responsibility Report 2022-23

## PNB CSR Report 2022-23

## Punjab National Bank's Corporate Social Responsibility Approach

1. Punjab National Bank views Corporate Social Responsibility (CSR) as a commitment to operate in an economically, socially and environmentally sustainable manner, while recognizing the interests of its stakeholders such as investors, customers, employees, business partners, local communities, the environment and society at large and contribute to the quality of life of society. At the heart of this strategy is our bank's unwavering commitment to build vibrant communities. This commitment comes to life through our investment in institutions and programmes to support and enhance community development in a sustainable fashion. During FY 2022-23, focus of Bank's CSR activities was towards improving health, education, skill empowerment programmes to the public and social welfare activities on Pan India basis through its field offices.

**2. The Bank makes the following commitments as part of its CSR strategy:**

### 2.1 Sustainability

PNB intends to be a catalyst for change that benefits present and future generations. Sustainability is an integral part of PNB's activities – in our core business and beyond. Thus, we believe in being responsible to all our stakeholders, society and the environment.




**श्री अतुल कुमार गोयल, एमडी एवं सीईओ अमृतसर में सीएसआर कार्यक्रम के दौरान स्वर्ण मंदिर में आने वाले तीर्थयात्रियों की सुविधा और कल्याण के लिए ई–रिक्शा, व्हीलचेयर और वाटर कूलर भेंट करते हुए।**

**Sh. Atul Kumar Goel, MD & CEO handed over e-Rickshaw, Wheelchairs and Water Coolers for the benefit and welfare of pilgrims visiting Golden Temple during CSR event at Amritsar**

## 2.2 कॉर्पोरेट स्वयं– सेवा

हमारी सीएसआर गतिविधियों का मुख्य उद्देश्य ''समाज को वापस देना'' है। सीएसआर के संबंध में हम अपने स्टाफ सदस्यों को जो संदेश देते हैं, वह यह है कि आज हम जो कुछ भी करेंगे, उसका प्रभाव आने वाली पीढ़ियों पर पड़ेगा। इस प्रकार हम स्टाफ सदस्यों की सक्रिय भागीदारी और स्थानीय आबादी की भागीदारी के साथ सीएसआर गतिविधियां करते हैं।

## 2.2 Corporate Volunteering

"Giving back to the society" is the prime motive behind our CSR activities. The message that we give to our staff regarding CSR is that whatever we do today will have an impact on future generations. Thus, we undertake CSR activities with active participation of staff members and participation of local populace.



**लखनऊ में एनजीओ–'दृष्टि सामाजिक संगठन' के लिए आयोजित एक सीएसआर कार्यक्रम में अंचल कार्यालय, लखनऊ के उच्चाधिकारियों के साथ उपस्थित श्री विजय दुबे (मध्य में) कार्यपालक निदेशक, पीएनबी।**

**Sh. Vijay Dube (Centre) Executive Director, PNB in a CSR event conducted for NGO-'Drishti Social Organization' in Lucknow along with Higher Officials of Zonal Office Lucknow.**

## 2.3 सामाजिक निवेश

सामाजिक रूप से उत्तरदायी संस्था होने के नाते, हम किसान प्रशिक्षण केंद्रों और ग्रामीण स्वरोजगार तथा प्रशिक्षण संस्थानों, वित्तीय साक्षरता और ऋण परामर्श केंद्रों, पीएनबी प्रेरणा और अन्य पहलों के माध्यम से समाज सेवा में अपना योगदान देते हैं। हम वंचित समुदायों के भविष्य को संवारने के लिए शिक्षा और कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से उनकी बेरोजगारी और गरीबी दूर करने में सहयोग करते हैं। इन सभी पहलों को सामाजिक निवेश के रूप में माना जाता है।

**किसान परीक्षण केंद्र (FTCs):** बैंक ने 12 किसान प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किए हैं, जो पीएनबी किसान कल्याण ट्रस्ट के दायरे में आते हैं, तथा ये प्रशिक्षण केंद्र कृषि और संबद्ध गतिविधियों और कंप्यूटर, कटाई और सिलाई/कढ़ाई और उद्यमिता विकास कार्यक्रमों पर निः शुल्क प्रशिक्षण प्रदान कर रहे हैं। स्थापना के बाद से, एफटीसी द्वारा 57,912 प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर 1731070 लोगों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। इन प्रशिक्षण केंद्रों को मोबाइल वैन से सुसज्जित किया गया है जिसमें किसानों के खेतों में मिट्टी परीक्षण की सुविधा है और किसानों को सूचनात्मक वीडियो क्लिप दिखाने के लिए इसमें एलईडी भी लगाई गई है। वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान बैंक ने इस पहल के तहत 326.54 लाख रुपये व्यय किए हैं।

| वित्तीय वर्ष | कार्यक्रमों की संख्या | प्रशिक्षुओं की संख्या |
|---|---|---|
| 2022-23 | 2895 | 86968 |

## 2.3 Social Investments

Being a socially responsible organization, we contribute to society through Farmers' Training Centers & Rural Self Employment & Training Institutes, Financial Literacy & Credit Counselling Centres, PNB Prerna and other initiatives. We help the underprivileged communities to overcome unemployment and poverty and shape their own future through education and skill development programmes. All these initiatives are considered as social investment.

**Farmers' Training Centres (FTCs):** Bank has established 12 Farmers' Training Centres which come under the ambit of PNB Farmers Welfare Trust which are providing free of cost training on agriculture & allied activities and for Computers, cutting & tailoring/embroidery and entrepreneurship development programs. Since inception, FTCs have imparted training to 1731070 persons by conducting 57,912 training programs. These Training Centres have been equipped with the Mobile Van having Soil testing facilities at the farmers' fields and LED for audio visual display of informative video clips to the farmers. The Bank spent Rs. 326.54 Lakhs under this initiative during FY 2022-23.

| Financial Year | No. of Programs | No. of Trainees |
|---|---|---|
| 2022-23 | 2895 | 86968 |

**ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (RSETI):** भारत में 76 आरसेटी (ग्रामीण विकास मंत्रालय के तत्वावधान में) और 2 ग्रामीण विकास केंद्र (पीएनबी की पहल) परिचालित हैं और ग्रामीण आबादी और उनके परिवारों को स्व–रोजगार उद्यम शुरू करने के लिए कौशल उन्नयन के लिए प्रशिक्षण प्रदान करते हैं। वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान, इन केंद्रों में 51618 लोगों को प्रशिक्षित किया गया, जिनमें से 36911 बीपीएल परिवारों से थे और 40810 महिलाएं थीं।

स्थापना के बाद से, आरसेटी द्वारा 544067 लोगों को प्रशिक्षण दिया गया है जिनमें से 356730 महिलाएं और 169147 अनुसूचित जाति वर्ग और 32519 अनुसूचित जनजाति वर्ग के हैं।

स्व–रोजगार में आरसेटी का प्रभाव: स्थापना के बाद से, इन संस्थानों से प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद 350519 लोगों ने स्वरोजगार प्राप्त किया। समीक्षित वर्ष (अप्रैल 2022–मार्च 2023) के दौरान किया गया कुल व्यय 3321.57 लाख रुपये था।

**Rural Self Employment Training Institutes (RSETIs):** There are 76 RSETIs (under the aegis of MoRD) and 2 Rural Development Centers (PNB initiatives) operating in India and are engaged in providing training to rural population and their families for skill up-gradation to undertake self-employment ventures. During the FY 2022-23, 51618 persons were trained in these centers, out of which 36911 belong to BPL families and 40810 were women.

Since inception, RSETIs have trained 544067 persons, out of which 356730 are women and 169147 are of SC category and 32519 are of ST category.

Impact of RSETIs in Self-Employment: Since inception, 350519 people got self-employed after getting training from these institutions. Total expenditure done during review year (April 2022- March 2023) was Rs. 3321.57 Lakhs.



**आरसेटी, गोलाघाट में 'फास्ट फूड स्टॉल उद्यमी' पर आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रतिभागी**

**Participants of Training program at RSETI Golaghat on 'Fast Food Stall Udyami'**




**आरसेटी, बदायूं, उत्तर प्रदेश में अपने प्रशिक्षण पाठ्यक्रम उपरांत उपस्थित लाभार्थी**

**Beneficiaries after their Training course at RSETI Badhaun, Uttar Pradesh**

पीएनबी विकास योजनाः बैंक की पीएनबी विकास योजना नामक एक योजना है जिसके तहत 305 गांवों को विभिन्न कल्याणकारी/विकासात्मक गतिविधियों के माध्यम से उनके समग्र विकास के लिए गोद लिया गया है। वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान योजना के तहत 78.31 लाख रुपये की राशि व्यय की गई।

## 2.4 स्वास्थ्य

हम इस विचार का पुरजोर समर्थन करते हैं कि समाज और राष्ट्र के समग्र विकास के लिए अच्छे वातावरण के साथ स्वस्थ दिमाग और स्वस्थ शरीर आवश्यक है। इस हेतु, हम ऐसे क्षेत्रों में निवेश करते है जो इस तरह की वृद्धि को बढ़ावा देते हैं। वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान, बैंक ने आम जनता की भलाई के लिए स्वास्थ्य क्षेत्र में सीएसआर गतिविधियां की है।

वित्त वर्ष 2022–23 के दौरान, बैंक ने केरल में नगर निगम को एक एम्बुलेंस प्रदान की, बिसनौली सर्वोदय ग्रामोद्योग सेवा संस्थान (बीएसजीएसएस) को समाज के जरूरतमंद वर्गों के लिए उनकी स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं में सहयोग करने के लिए वाहन प्रदान किया।

**PNB VIKAS YOJANA:** Bank has a scheme titled PNB VIKAS YOJANA under which 305 villages are adopted for their holistic development through various welfare/developmental activities. During FY 2022-23, an amount of Rs. 78.31 lakh was spent under the scheme.

## 2.4 Health

We strongly endorse the view that healthy mind and body in a healthy environment is essential for overall growth of the nation. Thus, we invest in areas that facilitate such enhancements. During FY 2022-23, the Bank has undertaken CSR activities in health sector for well-being of general public.

During FY 2022-23, Bank provided an ambulance to Municipal Corporation in Kerala, vehicle to Bisnouli Sarvodaya Gramodyog Seva Sansthan (BSGSS) to support their healthcare services for the needy sections of the society.




**श्रीमती आर्या राजेंद्रन, मेयर, तिरुवनंतपुरम नगर निगम (टीएमसी) को एम्बुलेंस प्रदान करते हुए श्रीमती आर नित्यकल्याणी, मंडल प्रमुख, तिरुवनंतपुरम।**

**Ambulance provided to Smt. Arya Rajendran, Mayor, Thiruvananthapuram Municipal Corporation (TMC) by Smt. R Nithyakalyani, Circle Head, Thiruvananthapuram**

पीएनबी ने गरीब और जरूरतमंद मरीजों के लिए जालंधर और अमृतसर में भी एंबुलेंस मुहैया कराई।

PNB also provided ambulances for the poor and needy patients in Jalandhar and Amritsar.



छायाचित्र 1: श्री अतुल कुमार गोयल (दाएं से दूसरे) एमडी एवं सीईओ, पीएनबी, जालंधर में एक कार्यक्रम में एंबुलेंस भेंट करते हुए।

**Pic 1: Sh. Atul Kumar Goel (2nd from Right) MD & CEO, PNB in Ambulance handing over event at Jalandhar.**



छायाचित्र 2: श्रीमती इंदरजीत कौर, अध्यक्षा, अखिल भारतीय पिंगलवाड़ा चैरिटेबल सोसाइटी, अमृतसर को एम्बुलेंस सौंपते हुए श्री प्रवीण गोयल, अंचल प्रमुख, अमृतसर।

**Pic 2: Sh. Praveen Goyal, Zonal Head, Amritsar handing over Ambulance to Mrs. Inderjeet Kaur, President, All India Pingalwara Charitable Society, Amritsar.**

## 2.5 हरित पहलें

बैंक मौजूदा इमारतों में वर्षा जल संचयन के लिए प्रयास कर रहा है और पर्यावरण के अनुकूल नए निर्माण को प्रोत्साहित कर रहा है तथा विभिन्न सोशल–मीडिया चैनलों के माध्यम से लोगों को जागरूक भी कर रहा है। समीक्षा अवधि के दौरान वृक्षारोपण अभियान, ई–रिक्शा के वितरण जैसी अन्य कई हरित पहलें की गई।

## 2.5 Green Initiatives

Bank is making efforts through awareness programmes on rain water harvesting in existing buildings and encourage environment friendly new constructions and spreading awareness among masses through our various social-media channels. Various other green initiatives like Tree plantations drive, distribution of e-rickshaws were carried out during the review period.



**अमृतसर में वृक्षारोपण अभियान में वृक्षारोपण करते हुए बैंक के कार्यपालक निदेशकगण श्री संजय कुमार(तत्कालीन) और श्री बिनोद कुमार।**

**Bank's Executive Directors Sh. Sanjay Kumar (then) & Sh. Binod Kumar in a tree plantation drive at Amritsar**

## 2.6 शिक्षा

बैंक अपनी सीएसआर गतिविधियों के माध्यम से समाज में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है और इस प्रकार युवा पीढ़ी के लिए बेहतर भविष्य के निर्माण में निरंतर सहयोग करता है।

हरिद्वार जिले के विभिन्न विद्यालयों के लिए उत्तराखंड सरकार के 'समग्र शिक्षा अभियान' को बैंक द्वारा सहायता प्रदान की गई। राज्य के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने शिक्षा के क्षेत्र में बैंक के सीएसआर प्रयासों की सराहना की।

## 2.6 Education

The Bank continuously strives for carrying its CSR activities towards promotion of education in the society and thus helping in preparing a better tomorrow for the young generation.

'Samagra Shiksha Abhiyan' of Govt. Of Uttarakhand for various schools of Haridwar District was supported by the Bank. Chief Minister of the state Sh. Pushkar Singh Dhami appreciated Bank's CSR efforts for the Education sector.




श्री पुष्कर सिंह धामी, माननीय मुख्यमंत्री, उत्तराखंड की गरिमामयी उपस्थिति में आयोजित एक सीएसआर कार्यक्रम में उपस्थित श्री संजय कांडपाल, अंचल प्रमुख (सेवानिवृत्त), देहरादून।

**Sh. Sanjay Kandpal, Zonal Head (since Retd.), Dehradun during a CSR event in august presence of Sh. Pushkar Singh Dhami, Hon'ble Chief Minister, Uttarakhand state**




राजकीय प्राथमिक विद्यालय, बजाज नगर, जयपुर के छात्रों को लेखन सामग्री वितरित करते हुए श्री एन. आर. बंजारा, उप अंचल प्रमुख, अंचल कार्यालय, जयपुर।

**Stationary items were distributed among the students of Government Primary School, Bajaj Nagar, Jaipur by Mr. N.R Banjara, Deputy Zonal Head, Zonal Office, Jaipur**

## 2.7 खेलों को बढ़ावा

बैंक हमारे राष्ट्रीय खेल हॉकी को निरंतर बढ़ावा दे रहा है। अप्रैल 2004 में, बैंक ने अपनी वरिष्ठ हॉकी टीम का गठन किया। वर्तमान में हमारी वरिष्ठ हॉकी टीम में कुल 23 खिलाड़ी हैं। वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी बैंक के कर्मचारी हैं।

खिलाड़ियों के पेशेवर कौशल को विकसित करने के लिए बैंक सभी लॉजिस्टिक सहायता और बुनियादी सुविधाएं प्रदान करता है। हॉकी टीम के वरिष्ठ खिलाड़ियों को खेल किट, आहार भत्ता, कोच, आहार विशेषज्ञ, फिजियोथेरेपिस्ट, एस्ट्रो टर्फ ग्राउंड, बीमा आदि प्रदान किए जाते हैं।

वित्तीय वर्ष 2022–23 के दौरान सीनियर हॉकी टीम और कोच की फीस पर `40.83 लाख की राशि व्यय की गई। समीक्षा अवधि के दौरान पीएनबी की टीम ने जिन हॉकी टूर्नामेंटों में भाग लिया उनका विवरण और उनमें हासिल उपलब्धियां निम्नानुसार हैं:

| क्र. सं. | टूर्नामेंट की तिथि | टूर्नामेंट / चैंपियनशिप | पीएनबी हॉकी टीम की स्थिति |
|---|---|---|---|
| 1 | 27/10/2022-04/11/2022 | 39वां इंडियन ऑयल सर्वो सुरजीत सिंह टूर्नामेंट | सेमी फाइनलिस्ट |
| 2 | 02/12/2022-10/12/2022 | द्वितीय हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष अंतर–विभागीय राष्ट्रीय चौंपियनशिप | सेमी फाइनलिस्ट |
| 3 | 11/12/2022-18/12/2022 | 124वां अखिल भारतीय बेटन कप हॉकी टूर्नामेंट | रनर–अप (दूसरा स्थान) |
| 4 | 01/01/2023-12/01/2023 | 58वां जवाहरलाल नेहरू सीनियर हॉकी टूर्नामेंट | सेमी फाइनलिस्ट |
| 5 | 26/02/2023-08/03/2023 | तृतीय हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष अंतर–विभागीय राष्ट्रीय चौंपियनशिप | क्वार्टर फाइनलिस्ट |

## 2.7 Promotion of Sports

Bank is continuously promoting our National Sport i.e. Hockey. In April 2004, the Bank formed its Senior Hockey team. Presently our senior hockey team has 23 players. The senior players are employees of the Bank.

Bank provides all logistics support and infrastructure facilities to the players for developing professional skills. Senior Hockey team players are provided with playing kit, diet allowance, coach, dietician, physiotherapist's services, astro turf ground, insurance etc.

During the FY 2022-23, a sum of ₹40.83 lakhs incurred on Senior Hockey Team and coach fee. Performance Highlights and details of Hockey tournaments in which PNB team participated and its achievements during the review period are as below:

| S. No. | Date of Tournament | Tournaments/ championships | PNB Hockey team Position |
|---|---|---|---|
| 1 | 27/10/2022-04/11/2022 | 39th Indian Oil Servo Surjit Singh Tournament | Semi-Finalist |
| 2 | 02/12/2022-10/12/2022 | 2nd Hockey India Senior Men Inter-departmental National Championship | Semi-Finalist |
| 3 | 11/12/2022-18/12/2022 | 124th All India Beighton Cup Hockey Tournament | Runner-up (2nd Place) |
| 4 | 01/01/2023-12/01/2023 | 58th Jawaharlal Nehru Sr. Hockey Tournament | Semi-Finalist |
| 5 | 26/02/2023-08/03/2023 | 3rd Hockey Indian Sr. Men Inter-department National Championship | Quarter-Finalist |




**बर्मिंघम में आयोजित राष्ट्रमंडल खेल 2022 के स्वर्ण पदक विजेता श्री अचिंता श्युली को सम्मानित करते हुए मुख्य महाप्रबंधक, श्री नबीन कुमार दाश।**

**Chief General Manager Shri Nabin Kumar Dash during felicitation event of Shri Achinta Sheuli, Gold Medal Winner, at Commonwealth Games 2022 held at Birmingham**

हमारे बैंक की हॉकी टीम के चार खिलाड़ी श्री शमशेर सिंह, श्री अभिषेक, श्री मनदीप मोर और श्री सुखजीत सिंह भारतीय पुरुष हॉकी टीम के लिए खेलते हैं। श्री शमशेर सिंह टोकियो ओलम्पिक 2020 में कांस्य पदक जीतने वाली हॉकी टीम का हिस्सा थे।

Four of our Bank's Hockey team players Mr. Shamsher Singh, Mr. Abhishek, Mr. Mandeep Mor and Mr. Sukhjeet Singh played for Indian Men's Hockey team.Mr. Shamsher Singh was part of the Hockey team which won Bronze Medal at Tokyo Olympics 2020.



**कोलकाता में दिनांक 11.12.2022 से 18.12.2022 तक आयोजित 124वें बेटन कप में पीएनबी हॉकी टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।**

**PNB Hockey team achieved 2nd position in 124th Beighton Cup held in Kolkata from 11.12.2022-18.12.2022**

## 2.8 अन्य सीएसआर पहलें

**ए.** पीएनबी प्रेरणा, बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों की जीवनसाथियों तथा बैंक की वरिष्ठ महिला अधिकारियों का एक संगठन है, जो बैंक की सीएसआर गतिविधियों का आयोजन करने/बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस संगठन का मुख्य उद्देश्य बैंक की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व पहलों का समर्थन करना है।

## 2.8 Other CSR Initiatives

**A.** PNB Prerna, an association of the spouses of the senior officials of the Bank as well as senior lady officials of the Bank is performing a vital role in undertaking/promoting the Bank's CSR activities. The prime objective of the Association is to support the Corporate Social Responsibility initiatives of the Bank.




**Smt. Poonam Goel –President (PNB Prerna), Smt. Sangeeta Kumar & Smt. Sadhana Kumari– Vice presidents (PNB Prerna) handed over book shelves, water dispensers and other items to Govt. School authorities in a CSR event organized by PNB Prerna.**

**पीएनबी प्रेरणा द्वारा आयोजित सीएसआर कार्यक्रम में सरकारी स्कूल के प्राधिकारियों को अलमीरा, पानी के डिस्पेंसर तथा अन्य सामान भेंट करती हुए श्रीमती पूनम गोयल–अध्यक्षा (पीएनबी प्रेरणा), श्रीमती संगीता कुमार और श्रीमती साधना कुमारी–उपाध्यक्षाएं (पीएनबी प्रेरणा)।**




गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान पीएनबी प्रेरणा द्वारा आयोजित सीएसआर गतिविधि में उपस्थित श्रीमती पूनम गोयल– अध्यक्षा (पीएनबी प्रेरणा), श्रीमती साधना कुमारी और श्रीमती गौरी सिंह– उपाध्यक्षाएं (पीएनबी प्रेरणा)।

**Smt. Poonam Goel –President (PNB Prerna), Smt. Sadhana Kumari and Smt. Gouri Singh–Vice Presidents (PNB Prerna) in a CSR activity during Republic Day Celebration organized by PNB Prerna.**



अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह के दौरान सीएसआर कार्यक्रम में सरकारी स्कूल के प्राधिकारियों को प्रिंटर, सीलिंग फैन, अलमारी आदि भेंट करते हुए श्रीमती पूनम गोयल–अध्यक्षा (पीएनबी प्रेरणा), श्रीमती साधना कुमारी और श्रीमती सुमति–उपाध्यक्षाएं (पीएनबी प्रेरणा)।

**Smt. Poonam Goel –President (PNB Prerna), Smt. Sadhana Kumari & Smt. Sumathi – Vice presidents (PNB Prerna) handed over printers, ceiling fans, book shelves etc. to Govt. School authorities in a CSR event during International Women's Day Celebration.**

बी. सशस्त्र सेना वयोवृद्ध, विधवाओं और आश्रितों के कल्याण के लिए योगदानः

**B. Welfare of armed forces veterans, widows and dependents:**



अहमदाबाद कैंट में रक्षा वयोवृद्धों की चिकित्सीय जरूरतों के लिए एक मेडिकल कंटेनर डिस्पेंसरी की स्थापना।

**Setting up of a Medical Container Dispensary in Ahmedabad Cantt. for defence veterans for their medical needs**

छायाचित्र में: दाएं से बाएं– श्री कृष्ण कुमार, उप अंचल प्रमुख, अहमदाबाद, ब्रिगेडियर श्री अनिल महादेव काकड़े, स्टेशन कमांडर, श्री दीपांकर महापात्र, अंचल प्रमुख अहमदाबाद

**In picture: R to L – Sh. Krishan Kumar, DZH Ahmedabad, Brigadier Sh. Anil Mahadev Kakde, Station Commander, Sh. Dipankar Mahapatra, Zonal Head Ahmedabad**

सी. दिव्यांगजनों के लिए कल्याणकारी गतिविधियों का मुख्य आकर्षणः

**C. Highlights for welfare activities for the Specially-Abled:**




'अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस' के अवसर पर मुख्य अतिथि श्री जॉर्ज अब्राहम, प्रेरणादायक वक्ता, संचारक, विकलांगता कार्यकर्ता और सीईओ (स्कोर फाउंडेशन) के साथ बैंक के कार्यपालक निदेशकगण श्री विजय दुबे, श्री कल्याण कुमार तथा श्री बिनोद कुमार।

**Bank's Executive Directors Sh. Vijay Dube, Sh. Kalyan Kumar and Sh. Binod Kumar during 'International Day of Persons with Disability' with Chief Guest Sh. George Abraham, Inspirational Speaker, Communicator, Disability Activist & CEO (Score Foundation)**




'अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस' के आयोजन के दौरान एनजीओ– नेशनल एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड के साथ उपस्थित बैंक के कार्यपालक निदेशकगण श्री विजय दुबे, श्री कल्याण कुमार तथा श्री बिनोद कुमार।

**Bank's Executive Directors Sh. Vijay Dube, Sh. Kalyan Kumar and Sh. Binod Kumar during observance of 'International Day of Persons with Disability' with NGO- National Association for the Blind'**




अंचल कार्यालय, आगरा द्वारा आगरा में दिव्यांगजनों के लिए बैंक की सीएसआर गतिविधि

**Bank's CSR activity in Agra for the Specially-Abled persons by Zonal Office, Agra**

## डी. सीएसआर के अंतर्गत अन्य कल्याणकारी गतिविधियां

## D. Other Welfare activities under CSR




चंडीगढ़ में एनजीओ–संवेदना के साथ आयोजित एक सीएसआर कार्यक्रम में उपस्थित श्री अतुल कुमार गोयल (मध्य में) एमडी एवं सीईओ तथा अंचल कार्यालय, चंडीगढ़ के उच्चाधिकारीगण।

**Sh. Atul Kumar Goel (Centre) MD & CEO, PNB during CSR event with NGO-Samvedna at Chandigarh along with Higher Officials of Zonal Office, Chandigarh.**



हैदराबाद के चेवेल क्षेत्र में सरकारी स्कूलों में शौचालयों की सफाई के लिए 'न्यायमूर्ति माधव रेड्डी फाउंडेशन' को दो वाहन भेंट करते हुए बैंक के कार्यपालक निदेशक श्री कल्याण कुमार।

**Bank's Executive Director Sh. Kalyan Kumar handed over two vehicles to 'Justice Madhav Reddy Foundation' for toilets' cleaning in Govt. Schools in Chevelle area, Hyderabad.**



तमिलनाडु मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड (TNMSC) के कर्मचारियों के रिक्रिएशनल एंड वेलनेस सेंटर के लिए श्री दीपक जैकब, आईएएस, प्रबंध निदेशक, टीएनएमएससी को वित्तीय सहायता प्रदान करते हुए श्री पी. महेंदर, अंचल प्रमुख, चेन्नई।

**Sh. P. Mahender, Zonal Head, Chennai contributed Financial Aid for Employees Recreational & Wellness Centre at Tamil Nadu Medical Services Corporation Ltd. (TNMSC) to Sh. Deepak Jacob, I.A.S, Managing Director, TNMSC**